# स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री मोदी ने किया श्रमदान

## पीएम की अपील पर एक घंटे तक चले अभियान का बने हिस्सा देश भर के नेता, छात्र और कर्मचारी

● सोशल मीडिया पर अंकित बैंयापुरिया के साथ पार्क की सफाई का वीडियो किया पोस्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री मोदी ने अंकित बैंयापुरिया के साथ किया श्रमदान। इस दौरान उन्होंने फिटनेस के महत्व पर बात की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान की अपील पर नेताओं से लेकर छात्रों तक, सभी क्षेत्रों के लोगों ने रविवार को एक घंटे के श्रमदान में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हाथ में झाड़ू थामकर एक पार्क में सफाई की।

प्रधानमंत्री ने फिटनेस और वर्कआउट की पारंपरिक व देसी शैलियों को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्धि हासिल करने वाले अंकित बैंयापुरिया के साथ एक पार्क में श्रमदान करने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया।

उन्होंने पोस्ट में कहा, आज जब राष्ट्र स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, अंकित बैंयापुरिया और मैंने भी ऐसा ही किया, स्वच्छता से परे, हमने फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित किया। यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत के बारे में है। वीडियो में प्रधानमंत्री और बैंयापुरिया स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं।

इस दौरान, प्रधानमंत्री ने बैंयापुरिया से स्वच्छता अभियान में फिटनेस के महत्व पर बात की। वहीं, बैंयापुरिया ने कहा कि वातावरण स्वच्छ रहेगा, तो फिटनेस भी बरकरार रहेगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि वह कितनी कसरत कर पाते हैं। जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करता, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी के लिए जितना चाहिए... मैं अनुशासन का पालन करता हूं। दो चीजों में अभी अनुशासन का पालन नहीं कर पा रहा हूं। एक तो खाने का टाइम नहीं... और दूसरा, सोने के लिए मुझे समय देना चाहिए, वह मैं दे नहीं पा रहा हूं। वीडियो में प्रधानमंत्री को झाड़ू लगाते और कूड़ा-कचरा उठाते भी देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में धीरे-धीरे स्वच्छता का वातावरण बन रहा है और अब तो बच्चे भी खुद से अधिक उम्र के लोगों द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर उन्हें टोकने लगे हैं। बैंयापुरिया को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, आपसे मिलने का सपना था, वह पूरा हो गया।

वहीं केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोगों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह करते हुए एक्स पर कहा, आइए, एक नया इतिहास बनाएं आज सुबह 10 बजे। एक घंटे के लिए स्वयंसेवक बनें, स्वच्छता के माध्यम से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दें।

कूड़ा मुक्त भारत का सपना, हम सब मिलकर पूरा करेंगे। भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी नई दिल्ली में स्वच्छता गतिविधि के लिए स्वेच्छा से शामिल हुए। दिल्ली नगर निगम ने 500 स्थानों पर सफाई अभियान चलाया।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने झंडेवालान स्थित सेवा बस्ती में स्वच्छता सेवा करके भाजपा के स्वच्छता श्रमदान अभियान कार्यक्रम शुरू किया।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज सभी 256 वार्डों में स्वच्छता अभियान श्रमदान कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हम इसे एक दिन का मामला नहीं बनने देंगे बल्कि अपने पार्षदों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आरडब्ल्यूए की मदद से नियमित रूप से शहर भर में स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, आईसीसीआर अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे ने पहाड़गंज के मुंजे चौक पर स्वच्छता अभियान चलाने में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। भाजपा उपाध्यक्ष एवं दिल्ली भाजपा प्रभारी बैजयंत जय पांडा शास्त्री बाग में पार्षद मनोज जिंदल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान में हिस्स लिया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी अटल पार्क में स्वच्छता अभियान चला रहे स्थानीय बदरपुर कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए और स्वच्छता सेवा कार्यक्रम का हिस्सा लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ. हर्ष वर्धन रानी बाग में केशवपुरम जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र गोयल के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। सांसद मनोज तिवारी बत्रा कॉम्प्लेक्स, मुखर्जी मार्ग, सांसद रमेश बिधूड़ी पुष्प विहार, प्रवेश साहब सिंह डाबरी एवं जनकपुरी, हंसराज हंस ने सेक्टर 15 रोहिणी में स्वच्छता सुधार हेतु श्रमदान किया। मीनाक्षी लेखी ने कहा, वह उम्मीद करती हैं कि स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े रहेंगे, जिसे प्रधानमंत्री ने लॉन्च किया था।

### डीएमआरसी कर्मचारियों ने भी श्रमदान में हिस्सा लिया

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में उत्साह के साथ भाग लिया। डीएमआरसी के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों, निर्माण स्थल के श्रमिकों के साथ स्टेशनों, डिपो, आवासीय कॉलोनियों और निर्माण स्थलों के 90 स्थानों पर कचरा मुक्त भारत के लिए किए गए श्रमदान में हिस्सा लिया। इस पहल के बारे में यात्रियों को सूचित करने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर भी घोषणाएं की गईं ताकि वे भी इस तरह की गतिविधियों में भाग ले सकें। इस वर्ष 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान का मकसद जो नागरिकों के बीच स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देती है।

### उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिया स्वच्छता का संदेश

*उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली नगर निगम की तरफ से आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शाहदरा ड्रेन के आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। एलजी सक्सेना झाड़ू लगाते, गंदगी उठाते और पौधों की छटाई करते हुए नजर आए। उन्होंने शाहदरा ड्रेन की सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वछता का संदेश दिया गया। एलजी ने कांति नगर-बिहारी कॉलोनी से भोलानाथ नगर, फर्श बाजार, विश्वास नगर, पूर्वी आजाद नगर मेट्रो स्टेशन और कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन तक सड़कों का निरीक्षण किया।*

# धर्मेंद्र प्रधान ने डीयू में चलाया झाड़ू और उठाया कचरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने कॉलेजों में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अगुवाई में एक तारीख, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमिता विभाग, भारत सरकार द्वारा एक अक्टूबर को सुबह दस बजे विवि के नॉर्थ कैंपस में दो स्थानों, जी सी नारंग मार्ग और पटेल चेस्ट पर सफाई अभियान चलाया गया। धर्मेन्द्र प्रधान ने खुद झाड़ू लेकर के साथ सफाई की और कूड़े कचरे को अपने हाथों से साफ करने सहयोग दिया। साथ ही वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में डॉक्टरों से भी बातचीत की और उनसे भारत में स्वच्छता का अगुआ बनने का वादा लिया। प्रधान में के साथ शिक्षा मंत्रालय के 25 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए जिनमें उच्च शिक्षा सचिव संजय मूर्ति और दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति और डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी शामिल थे।


गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल भवन के प्रशासनिक कर्मचारियों के साथ बच्चों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान में भाग लिया।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने दिलाई स्वच्छता की शपथ


ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में श्रमदान करते कर्मचारी। फोटो: रंजन डिमरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक तारीख एक घंटा एक साथ के आह्वान पर केंद्रीय विद्युत नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय और विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों और संगठनों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को बाराखंभा स्थित पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी अधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती की पूर्व संध्या पर देश भर में चलाए जाने वाले मेगा स्वच्छता अभियान के हिस्से के रूप में श्रमदान का नेतृत्व किया। विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने देश के सभी नागरिकों से राष्ट्रव्यापी अभियान में योगदान देने का आग्रह किया। स्वच्छता पखवाड़ा 2023 की थीम कचरा मुक्त भारत है। इस अवसर पर बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा देश के गांवों और कस्बों, स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गई हैं।

# पेंशन शंखनाद रैली में सरकारी कर्मचारियों की हुंकार

## रामलीला मैदान में देशभर से दो लाख से अधिक लोग पहुंचे, वोट की चोट का नारा बुलंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में सरकारी कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में रविवार को पेंशन शंखनाद महारैली दो लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुंकार भरी है। केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने कहा, अगर सरकार अपनी जिद नहीं छोड़ती है तो 'वोट की चोट' से पुरानी पेंशन को बहाल कराएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या मतदाताओं की संख्या दस करोड़ के पार है। जो चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक साबित होगी।

इस रैली में केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भाग लिया। वहीं इस रैली को देश के किसान और अन्य मजदूर संगठनों नेभी अपना समर्थन दिया है। रैली का आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले हुआ है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन, कर्मियों का अधिकार है। वे इसे लेकर ही रहेंगे। दिल्ली का रामलीला मैदान, सरकारी कर्मियों से खचाखच भरा हुआ था। रेल, बस और दूसरे वाहनों में बैठकर कर्मचारी दिल्ली पहुंचे हैं। सुबह 11 बजे रामलीला मैदान पूरी तरह भर चुका था। रामलीला मैदान के चारों तरफ की सड़कों पर कर्मियों के जत्थे चल रहे थे। कर्मियों के द्वारा पेंशन का नारा लगाया जा रहा था।

इससे पहले केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने 10 अगस्त को रामलीला मैदान में एक विशाल रैली आयोजित की थी। अब नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) द्वारा पेंशन शंखनाद महारैली आयोजित की गई है।

### दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू हो ओपीएस : केजरीवाल

**नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पुरानी पेंशन योजना ( ओपीएस ) को लेकर समर्थन जताया और कहा कि उन्होंने केंद्र से इसे दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू करने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम ओपीएस को वापस लाने संबंधी सरकारी कर्मचारियों की मांग का पुरजोर समर्थन करते हैं। नई पेंशन योजना ( एनपीएस ) कर्मचारियों के खिलाफ अन्याय है। हमने पंजाब में ओपीएस लागू की है और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के लिए इसे लागू करने के लिए केंद्र को पत्र लिखा है। कुछ अन्य गैर-भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) सरकारों ने भी ओपीएस लागू की है।**

# पूर्व महिला कांस्टेबल की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

● सिपाही के साथ महिला के थे विवाहेत्तर संबंध



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की एक पूर्व महिला कांस्टेबल के लापता होने के दो साल बाद, पुलिस ने तीन लोगों को कथित तौर पर उसकी हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस में फिलहाल हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात सुरेंद्र सिंह (42) का 28 वर्षीय महिला के साथ विवाहेत्तर संबंध था, लेकिन महिला ने जब उसकी मांगों को मानने से इनकार कर दिया तो उसने उसकी हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सिंह के करीबी रिश्तेदार रविन (26) और राजपाल (33) ने अपराध को छिपाने में उसकी मदद की। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने बुराड़ी के पुश्ता इलाके से पीड़िता के कंकाल के अवशेष बरामद किए और उन्हें डीएनए जांच के लिए भेजा ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये अस्थियां महिला की हैं या नहीं। उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर चयन होने के बाद पीड़िता ने दिल्ली पुलिस से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच वह यहां मुखर्जी नगर इलाके में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी।

महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट 20 अक्टूबर, 2021 को मुखर्जी नगर पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। उसके परिवार ने आरोप लगाया कि वह आठ सितंबर, 2021 से लापता थी। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा पुलिस के प्रयासों के बावजूद पूर्व महिला कांस्टेबल का पता नहीं लगाया जा सका था। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर, जिन्हें संदेह था कि उनकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है, 12 अप्रैल, 2023 को प्राथमिकी में अपहरण का आरोप जोड़ा गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने मामले की गहन जांच का आदेश दिया। पुलिस ने पहले राजपाल को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर रविन को भी गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार


डूटा कार्यकारिणी में चुने पर डॉ. सुधांशु कुमार को सम्मानित करते शिक्षक।

### डूटा कार्यकारिणी में चुने जाने पर जताया आभार

**नई दिल्ली।** डूटा कार्यकारिणी में चुने पर इंटेक (आई) के उम्मीदवार डॉ. सुधांशु कुमार ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। संगठन के अध्यक्ष अश्विनी शंकर ने कहा कि शिक्षकों ने हमारे संगठन में अपना विश्वास जताया इसके लिए हम सब विश्वविद्यालय के शिक्षकों के अभारी हैं। डॉ. सुधांशु कुमार भूतपूर्व डुटा उपाध्यक्ष और अकेडमिक कॉउन्सिल के सदस्य रहे हैं। उन्होंने डूटा अध्यक्ष पद पर चुने गए डॉ ए.के.भागी और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित अन्य 15 सदस्यों कों भी बधाई दी।

### निर्मल छाया से ग्रेजुएट करने वाली युवतियां सम्मानित

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने निर्मल छाया से ग्रेजुएट करने वाली लड़कियों को सम्मानित किया। मंत्री आतिशी ने एक समारोह के दौरान केयर होम में अकेडमिक्ड, खेल-कूद सहित विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाली लड़कियों को भी सम्मानित किया साथ ही नौकरी के जरिए आत्मनिर्भर बनने वाली 6 लड़कियों को जॉब लेटर भी सौंपे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के केयर होम्स में जो लड़कियाँ है, उन्हें शायद प्रकृति से कम मिला हो लेकिन उन्हें सम्मानजनक रहन-सहन और बराबरी के मौके मिले, ये जिम्मेदारी सरकार की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा अपने परिवार के बच्चों के समान केजरीवाल सरकार केयर होम्स में भी लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए शानदार अवसर दे रही है। वह शिक्षा से लेकर स्किल ट्रेनिंग के जरिए हर तरीके से इन बच्चियों को सशक्त बना रहे है ताकि अपने स्याह अतीत की भूलकर ये लड़कियाँ नई शुरुआत करें और सफल होकर अपनी पहचान बनाए।

### ज्वैलरी ट्रेड शो के दूसरे दिन उमड़े दर्शक



**नई दिल्ली।** दिल्ली ज्वैलरी एंड जेम फेयर (डीजेजीएफ) के 11वें एडिशन के दूसरे दिन रविवार को बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इंफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा तीन दिवसीय इंटरनेशनल ज्वैलरी ट्रेड शो डीजेजीएफ प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2, 3, 4 और 5 नंबर हॉल में जारी है। शो में 550 से अधिक प्रदर्शकों ने सोने, हीरे, रत्न, मोती, चांदी से लेकर ढीले पत्थरों की श्रेणियों, मुगल प्राचीन, पोल्किस, कुंदन और नवरत्न आभूषणों के साथ-साथ मशीनरी, उपकरण और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न शैलियों व डिजाइनों के उत्पादों के साथ 1500 से ज्यादा ब्रांडों का प्रदर्शन किया। यह ट्रेड शो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर द बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन, दिल्ली ज्वैलर्स एसोसिएशन, करोल बाग ज्वैलर्स एसोसिएशन, मालीवाड़ा ज्वैलर्स एसोसिएशन और उत्तर भारत के सभी ज्वैलरी एसोसिएशन निर्माताओं ने प्रतिनिधित्व किया।

# 'आजादपुर मंडी के सभी शेड में लगाए जाएंगे फायर सिस्टम'

● गोपाल राय ने आग से क्षतिग्रस्त शेड की 45 दिन में मरम्मत के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आजादपुर मंडी में लगी भीषण आग से काफी नुकसान हुआ है। शुक्रवार यानी 29 सितंबर आगलगी की इस घटना के बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने रविवार को आजादपुर मंडी का दौरा किया और वहां हालात का जायजा लिया और आग लगने की घटना को लेकर जांच का आदेश दे दिया गया है। साथ ही यहां के व्यापारी संगठनों की मांग को देखते हुए उन्होंने क्षतिग्रस्त शेड के व्यापारियों को कुछ दिनों के लिए दूसरे शेड में शिफ्ट करने और 45 दिनों के भीतर शेड की मरम्मत का काम पूरा करने के लिए यहां के सचिव को निर्देश दिया है।

उन्होंने मंडी के सभी शेड के अंदर फायर सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए गए है। राय ने मंडी के अधिकारियों को सभी प्रकार के कदम उठाने के निर्देश दिए है, ताकि घटना को रोका जा सके।

### संशोधित लैंड पूलिंग जल्द लागू की जाए : सोलंकी

**नई दिल्ली।** संशोधित लैंड पॉलिसी लागू करवाने के लिए जंतर मंतर पर रविवार को दिल्ली की 360 पंचायतों ने एक साथ मिलकर महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत दिल्ली के नोटीफाइड अर्बनाइजेबल जोन में अफोर्डेबल हाउसिंग का सपना साकार करने के मकसद से जमीन खरीदने वाली संस्था मेम्बर्स ऑफ फेडरेशन ऑफ हाउसिंग सोसायटी ऐंड लैंड ओनर्स ने भी हिस्सा लिया। साथ ही महापंचायत में वर्षों से अपने घर का सपना साकार का इंतजार कर रहे लोगों और किसानों के हितों को लेकर चर्चा की गई।

पालम 360 के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने सरकार से मांग करते हुए कहा, किसानों के हित में संशोधित लैंड पूलिंग और जीडीए पॉलिसी को अविलंब लागू किया जाए।

# एथलीटों और कोचों का अभिनंदन समारोह

● बर्लिन जर्मनी में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत का रहा शानदार प्रदर्शन




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों और कोचों के लिए स्पेशल ओलंपिक्स भारत-दिल्ली ने अभिनंदन समारोह आयोजित किया।

दिल्ली विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेल 2023 बर्लिन जर्मनी में 17 से 25 जून 2023 के मध्य आयोजित हुए थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता सक्सेना रहीं एवं सम्मानित अतिथि के रुप में ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त मौजूद रहे।

एयर कमोडोर ललित शर्मा की विशेष मौजूदगी में एवं एसओबी की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्पेशल ओलंपिक भारत की दिल्ली की अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ उपासना अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर यूएसएड की मिशन डायरेक्टर वीना रेड्डी एवं यूएसएड के मिस्टर मार्क, वरिष्ठ मनोरोग चिकित्सक डॉ सुनील मित्तल विशेष मेहमान रहे। डॉ मलिक्का नड्डा ने बताया कि स्पेशल ओलंपिक्स भारत एक राष्ट्रीय खेल महासंघ है जो भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है और पूरे भारत में खेल और विकास कार्यक्रम संचालित करने के लिए स्पेशल ओलंपिक्स इंक. यूएसए द्वारा मान्यता प्राप्त है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वच्छता अभियान में गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर लगाई झाड़ू

### बोले, आमजन की सहभागिता से स्वच्छता बना एक राष्ट्रीय व्यवहार

### रेल मंत्री ने गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण डिजाइन का किया अवलोकन



गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के दौरान झाड़ू लगाते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।



स्वच्छता के लिए शपथ दिलाते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।



स्टेशन पर मशीन से सफाई करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले रविवार को देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे और उन्होंने यहां झाड़ू लगाकर सफाई की। साथ ही मशीन से भी सफाई करके स्वच्छता का सकारात्मक संदेश दिया। सितंबर के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए स्वच्छता के लिए श्रमदान की अपील की थी। इसी के तहत रविवार को यह अभियान चलाया गया। रेल मंत्री वैष्णव ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। तब से देश के प्रत्येक शहर, गांव व कस्बों सहित सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों व रेलवे में सफाई व्यवस्था में विशेष प्रयास किये गए। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में देश के आमजन की महत्वपूर्ण सहभागिता के चलते हमारे पर्यावरण स्वच्छता में भी विशेष बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों ने भारी उत्साह के साथ स्वच्छ भारत का स्वामित्व लिया है। जिसके परिणामस्वरूप, स्वच्छता एक राष्ट्रीय व्यवहार बन गया। मीडियाकर्मियों द्वारा देशभर में चल रही वंदे भारत ट्रेनों को भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 14 मिनट में साफ करने के लक्ष्य के सवाल पर रेलमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन में नए प्रोटोकॉल से सफाई व्यवस्था करने के प्रयासों की रविवार से दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से शुरुआत की जा रही है। ट्रेन के सभी रिवर्स स्टेशन पर सफाई व्यवस्था के लिए 14 मिनट का प्रोटोकॉल बनाया गया है, जिसमें प्रैक्टिस के आधार पर सफाई कर्मी अपनी स्किल लेवल में बढ़ोतरी करके इन प्रयासों को सफल बनाने का काम करेंगे। रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस श्रमदान के लिए एक तारीख, एक घंटा, एक साथ का नारा दिया है। उन्होंने कहा स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और इसका हर प्रयास मायने रखता है। उन्होंने आमजन से अभियान में सहयोग का आह्वान किया कि स्वच्छता पखवाड़ा 2023 की थीम कचरा मुक्त भारत है। जिसमें सभी गांवों और कस्बों, स्कूलों, आंगनबाड़ियों, स्वास्थ्य केंद्रों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों आदि द्वारा जागरूकता पैदा करने और बेहतर स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## गुरुग्राम स्टेशन के नवीनीकरण का डिजाइन भी देखा

केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन के नवीनीकरण के डिजाइन का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिसकी वैश्विक पटल पर अपनी एक प्रमुख पहचान है। इसके रेलवे स्टेशन नवीनीकरण के लिए बहुत उत्कृष्ट डिजाइन तैयार किया गया है। बहुत जल्द ही धरातल पर इसका काम शुरू होगा। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपने दैनिक व्यवहार में साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित भी किया गया। आज स्टेशन परिसर में अभियान के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग गुरुग्राम की आंगनवाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जीएम उत्तर रेलवे शोभन चौधरी, डीआरएम सुखविंदर सिंह, गुरुग्राम एसडीएम रविंद्र यादव, स्टेशन अधीक्षक एसएल मीणा, ओलंपिक विजेता साक्षी मलिक, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, दी भारत स्काउट्स एवं गाइर्स के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## विधायक जरावता ने झाड़ू लगाकर राष्ट्रपिता को दी स्वच्छांजलि

### सफाई कर्मियों को न्यूनतम वेतन देकर वर्तमान सरकार ने पुण्य का काम किया



गुरुग्राम के मानेसर में झाड़ू लगाकर सफाई करते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने रविवार को मानेसर नगर निगम की ओर से आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होकर एक घंटे का श्रमदान दिया। विधायक ने मानेसर के आईएमटी चौक व आसपास के क्षेत्र में सफाई करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित की।

विधायक ने कहा कि सफाई एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, इसे हमें दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। सफाई को अपनी आदत में शामिल करके ही हम अपने आसपास को स्वच्छ रख सकते है। प्रत्येक व्यक्ति यदि सफाई को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझे तो चारों और सफाई रहेगी। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में उनके साथ मानेसर नगर निगम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग, संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार, एनएसजी के ग्रुप कमांडर जेपी मैथानी, स्क्वाड्रन कमांडर राजन सिंह, स्क्वाड्रन कमांडर सुमेर सिंह गुर्जर, महेंद्र सिंह, टीम कमांडर रजत पी, कर्नल पर्वत सिंह, नेहरू युवा केंद्र के डायरेक्टर कृष्ण लाल परीचा, ब्लू प्लांट ऑर्गनाइजेशन से कृष्ण कुमार, हरीश, शिव, शशि यादव, ओपी यादव, सुशीला शरण पुनिया, डॉक्टर सत्या सहाय, शिखा सिंह, नगर निगम की एसबीएम कंसल्टेंट जेनिथ चौधरी, ब्लू जोन एंबेसडर अयाना चौधरी सहित पूर्व पंचायत सदस्य व एनएसजी के करीब 100 कर्मचारी व अधिकारी भी मौजूद रहे। मानेसर नगर निगम की ओर से रविवार को नगर निगम क्षेत्र में करीब 60 जगहों पर श्रमदान दिवस मनाया गया।



गुरुग्राम के सदर बाजार में झाड़ू लगाकर सफाई करते विधायक सुधीर सिंगला व निगमायुक्त पीसी मीणा।

## विधायक सुधीर सिंगला के साथ निगमायुक्त पीसी मीणा ने सदर बाजार क्षेत्र में की सफाई

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक अक्टूबर को एक घंटे श्रमदान करने के लिए आह्वान की पालना में विधायक सुधीर सिंगला के साथ नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा से सदर बाजार क्षेत्र में सफाई की। उन्होंने निगम अधिकारियों तथा बाजार के व्यापारियों के साथ क्षेत्र में सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान जोन-2 व 3 के संयुक्त निदेश विजय यादव और नरेश कुमार ने भी श्रमदान किया।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक अक्टूबर को एक घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया था। उनके आह्वान पर देश का प्रत्येक नागरिक अपने-अपने क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने की इस मुहिम में जुटा हुआ है। विधायक ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा निगम क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में कचरा उठान तथा सफाई सुनिश्चित की जा रही है। नागरिक भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था एक आवाज के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, स्वास्तिक फाउंडेशन के अध्यक्ष राज सैनी, बुलंद आवाज अध्यक्ष कुलदीप हिंदुस्तानी ने अपनी-अपनी टीम के साथ श्रमदान दिया। स्वच्छता कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, पार्षद सुभाष सिंगला, रोशन लाल पिंटू, विक्की बंसल, सुनील सिंगला, गुरुग्राम एमिनेंट सिटीजन अमित गोयल, एक आवाज चेयरमैन विकास गुप्ता, वरुण अग्रवाल, राजेश सैनी, मनोज तंवर, उत्कर्ष गुप्ता, अक्षित गुप्ता, निशान्त अहलावत, सौरभ गर्ग, दीपक शर्मा, आशीष, आकाश शर्मा, आशीष वर्मा, अजय जैन, जग भुषण गुप्ता, गिरीश सिंगला व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत लगाए गए रक्त दान शिविर का विधायक सुधीर सिंगला ने शुभारंभ किया। अलग अलग स्थानों पर लगाए गए शिविरों में काफी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

## चंद्रमणि भारद्वाज व युवा नेता मनजीत सिंह ने सांसद को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



सांसद डा. महेश शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते भाजपा जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज व जेवर विधानसभा से भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह।

**नोएडा।** सांसद डा. महेश शर्मा का 65वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भाजपा आईटी जिला संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज व जेवर विधानसभा से भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह ने सांसद को शुभकामनाएं दी।

सांसद डॉक्टर महेश शर्मा क जन्मदिन सादगी के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने मनाया। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 सिथत एक बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम रखा गया। सुबह से ही तमाम जिले भर के कार्यकर्ता और नेताओं का बधाई देने के लिए तांता लगना शुरू हो गया। सांसद को जन्मदिन की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से शिक्षक विधायक श्रीचंद शर्मा, एमएलसी विधायक नरेंद्र भाटी, पूर्व मंत्री वेदराम भाटी, भारतीय जनता पार्टी के जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, भारतीय जनता पार्टी जेवर विधानसभा से युवा नेता मनजीत सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, खुर्जा की विधायक मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, सिकंदराबाद से विधायक लक्ष्मी राज सिंह, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक सतवीर नागर सभी सांसद प्रतिनिधि, नगर पालिका दादरी के अध्यक्ष गीता पंडित, रागिनी गायक रामपाल नागर, एडवोकेट प्रवीण अग्रवाल, जिला अध्यक्ष गजेंद्र महावीर, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय भाटी, बुलंदशहर के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास चौहान, नगर पालिका सिकंदराबाद के अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप दीक्षित, खुर्जा नगर पंचायत के अध्यक्ष अंजना सिंघल आदि आदि सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर सांसद को शुभकामनाएं दी।

## नशा रोकने का डेरा अनुयायियों ने गुलाबी नगरी जयपुर में बजाया बिगुल

### सत्संग भंडारे में पहुंचे लाखों श्रद्धालु, सत्संग पंडाल, ट्रैफिक ग्राउंड छोटे पड़े



जयपुर में सत्संग भंडारे में पहुंची साध-संगत।

प्रवीन शर्मा। जयपुर

**राजस्थान** की राजधानी जयपुर एक बार फिर गुरु प्रेम, गुरु भक्ति और डेरा सच्चा सौदा द्वारा नशा रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान का साक्षी बना। अवसर था डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के 33वें पवित्र गुरु गद्दीनशीनी माह (महा परोपकार) के शुभ सत्संग भंडारे कार्यक्रम का। जिसमें राजस्थान के जयपुर जोन से लाखों की संख्या में साध-संगत ने शिरकत कर गुरु महिमा का गुणगान किया।

राजस्थान आवासन मंडल ग्राउंड, अरावली मार्ग, वीटी रोड शिप्रा पथ थाने के सामने मानसरोवर जयपुर में करीब 11 बजे धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर सत्संग भंडारे कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सत्संग भंडारे कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची लाखों की तादाद में साध-संगत के लिए स्थानीय श्रद्धालुओं की ओर से व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए। साध-संगत के उमड़े प्रेम के आगे सारे प्रबंध छोटे पड़ गए। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले ही मुख्य पंडाल साध-संगत से खचाखच भर गए।

बाद में सड़क किनारों खड़े होकर अनुयायियों ने सत्संग कार्यक्रम का लाभ उठाया। जयपुर के राजस्थान आवासन मंडल ग्राउंड, अरावली मार्ग, वीटी रोड शिप्रा पथ थाने के सामने मानसरोवर में आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम के दौरान डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत द्वारा किए जा रहे 159 मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए फूड बैंक मुहिम के तहत 33 अति जरूरतमंद परिवारों को राशन की किटें वितरित की गई। इस दौरान पूज्य गुरु जी द्वारा भेजी गई 17वीं चिट्ठी को साध-संगत के समक्ष पढ़कर सुनाया गया, जिसे सुनकर साध-संगत भाव-विभोर हो गई।

85 मैंबर गुरसेवक इन्सां ने उपस्थित साध-संगत को सत्संग भंडारे की बधाई देते हुए कहा कि सतगुरु जी के प्रति जो प्यार है, वैराग्य है, वो पूरी दुनिया देख रही है। फसली सीजन के बावजूद भी लाखों की संख्या में आज साध-संगत सत्संग भंडारे कार्यक्रम में अपने सतगुरु जी से रहमतों को लुटने आई है, खुशियां लेने आई है, यह बहुत बड़ी बात है। सत्संग भंडारे कार्यक्रम के दौरान डेरा सच्चा सौदा द्वारा पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन शिक्षाओं पर चलते हुए किए जा रहे 159 मानवता भलाई कार्यों में शामिल 29वें कार्य स्वच्छता अभियान से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई, जिससे लोगों को अपने आस-पास सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया। बता दें कि डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही परम पिता शाह सतनाम जी महाराज ने 23 सितंबर 1990 को पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को पावन गुरु गद्दी की बख्शीश की थी। इसलिए इस महीने को डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत पावन महा परोपकार माह के रूप में मनाती है और आज रविवार को जयपुर में राजस्थान प्रदेश की साध-संगत इसे पावन महा परोपकार माह के सत्संग भंडारे के रूप में मना रही है।

## स्वच्छता की जिम्मेदारी सभी नागरिकों को समझने की जरूरत: नवीन गोयल



### सेक्टर-4 में की सफाई अभियान की शुरुआत

**गुरुग्राम।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गुरुग्राम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने सेक्टर-4 में सफाई अभियान की शुरुआत की। यहां कैनकॉन एन्कलेव में उन्होंने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान शुरू करके लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने फिर दोहराया कि अपने गुरुग्राम को सफाई के मामले में देश के टॉप-10 शहरों में हमें लेकर आना है। यह संकल्प तभी पूरी होगा, जब इसमें जनभागीदारी होगी।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष विपिन चौधरी, एसएस रेजीडेंसी से प्रधान विक्रम शर्मा, राकेश मेहता, सुरेंदर पंवार, सुभाष चंद्र वर्मा, अरुण चड्डा, अमन आहूजा, संकेत बंसल, विद्यानंद नूनीवाल, गौरव शर्मा, इदरीश शर्मा, इंदरजीत नंदा, सत्यनारायण अग्रवाल व सभी केनकॉन एन्क्लेव वासियों ने मिलकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

नवीन गोयल ने आमजन से अपील की कि हमें सार्वजनिक स्थलों को गंदा नहीं करना चाहिए। अगर गंदे हो गये हैं तो हमें साफ करना चाहिए। इस जिम्मेदारी को सभी नागरिकों को समझने की आवश्यकता है। हमें हमारी सोच को बदलने की आवश्यकता है।

सकारात्मक सोचे से ही हम अपने शहर, देश को स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से स्वच्छता संसाधन और प्रयास तब तक अधिक प्रभावशाली नहीं होगें, जब तक कि हम अपनी यह सोच नहीं बनाते कि पूरा देश हमारे घर की तरह है। हमें इसे स्वच्छ रखना है। हमें यह समझने की जरुरत है कि अपना शहर, देश घर की तरह होता है।

## जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट सोसाइटी ने यश भरवानी को 7वें अध्यक्ष के रूप में चुना



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**साठ** साल पुरानी प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट सोसाइटी (जेएनएचटीएस) ने यश भारवानी को अपने 7वें अध्यक्ष के रूप में चुना है। यश भरवानी सोसायटी के संस्थापक श्री इंदर मोहन कपूर जी के पोते हैं। जेएनएचटीएस को प्रतिष्ठित नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट के लिए जाना जाता है, जिसने जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, परगट सिंह और यहां तक कि भारतीय हॉकी टीम के वर्तमान कप्तान मनप्रीत सिंह जैसी दिग्गज प्रतिभाओं को देश को दिया है। जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट सोसाइटी का गठन 1964 में पंडित नेहरू की स्मृति में श्री इंद्र मोहन कपूर जी और देश भर के अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा किया गया था।

यश भरवानी दिग्गजों और सोसायटी के पूर्व अध्यक्षों; ए.के. सेन, वाई.बी. चव्हाण, शरद पवार, राम निवास मिर्धा, अरुण यादव और सुभाष कपूर की विरासत को आगे बढ़ायेंगे। वह हैदराबाद स्थित गुंचा ग्रुप के कार्यकारी निदेशक हैं। गुंचा ग्रुप ने 57वें सीनियर टूर्नामेंट का सह-निष्पादन किया है और हाल ही में भव्य टूर्नामेंट के लिए 5 साल का प्रायोजन समझौता भी किया है।

अध्यक्ष चुनने हेतु नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन किया गया था, जहा यश भारवानी को सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। वह दो साल की अवधि के लिए सोसायटी के अध्यक्ष पद पर रहेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के जाने-माने लोग शामिल हुए, जिनमें - जनरल विजय कुमार सिंह (मा. नागरिक उड्डयन, सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री, भारत सरकार) बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे। उनके अतिरिक्त कुकू वालिया (महासचिव, जेएनएचटीएस), पिंकी आनंद (भारत के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल), गीता लूथरा (वरिष्ठ वकील, सुप्रीम कोर्ट), डॉ. हर्ष पाठक (वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट), दिलीप चेनॉय (कॉर्पोरेट थिंक टैंक और फिक्की के पूर्व महासचिव), अजीत पाल सिंह (अर्जुन पुरस्कार विजेता और पद्म श्री ओलंपियन), गुरबक्स सिंह (ओलंपियन), अनवर खान (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी), अनुपम गुलाटी (अनुभवी कमेंटेटर) और हंस पाल मौजूद थे।

## ब्रांड स्टोरी ने मुख्य अतिथि मुख्तार श्री अब्बास नकवी के साथ शानदार भारतीय ब्रांड और लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 की मेजबानी की

**नई दिल्ली।** ब्रांड स्टोरी, ब्रांडिंग और नेतृत्व में अंतर्दृष्टि के लिए एक अग्रणी मंच, ने भारतीय ब्रांड और लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सम्मानित मुख्य अतिथि, श्री मुख्तार अब्बास नकवी, पूर्व कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार और वरिष्ठ भाजपा नेता की उपस्थिति देखी गई।, जिन्होंने भारत के विकास और सफलता पर एक प्रेरणादायक मुख्य भाषण दिया, जिसमें अगली वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में इसके मार्ग पर जोर दिया गया। कॉन्क्लेव में ब्रिक्स सीसीआई के उपाध्यक्ष समीप शास्त्री, नॉलेज सॉवरेन्टी के सचिव और भाजपा के पूर्व प्रवक्ता विनीत गोयनका, बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हयाद्री, ब्रिक्स सीसी के उपाध्यक्ष समीप शास्त्री, ब्रिक्स सीसी के उपाध्यक्ष शिबानी कश्यप बॉलीवुड सहित विशिष्ट अतिथि भी शामिल हुए। सम्मानित अतिथि के रूप में गायक कॉन्क्लेव के भागीदार



अन्नपूर्णा फाइनेंस के निदेशक श्री दिब्यज्योति पटनायक ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठित कॉन्क्लेव में भागीदार बनना एक बड़े सम्मान की बात है। कॉन्क्लेव में नवीनतम रुझानों और नवाचारों से लेकर भारत की विकास क्षमता कह्यो उजागर करने तक कई विषयों पर चर्चा की गई। प्रभावी नेतृत्व के लिए आवश्यक गुणों की खोज के साथ-साथ कौशल, समावेशिता, विविधता और स्वचालन सहित काम के भविष्य पर भी चर्चा हुई। कॉन्क्लेव का एक मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह था, जहां देश के प्रमुख ब्रांडों को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इंडियन ब्रांड एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 में ब्रांडों की सूची में कई शामिल हैं।

## आर्टेमिस अस्पताल द्वारा एनुअल न्यूरोक्रिटिकल केयर अपडेट का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आर्टेमिस** अस्पताल, गुरुग्राम की मेजबानी में चार दिवसीय एनुअल न्यूरोक्रिटिकल केयर अपडेट (एएनसीयू) 2023 का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय यह न्यूरोक्रिटिकल केयर सोसायटी ऑफ इंडिया का फ्लैगशिप इवेंट है, जिसने न्यूरोक्रिटिकल केयर के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है।

इस बार के आयोजन की थीम, 'इमर्जिंग डायमेंशंस इन न्यूरो इंटेंसिव केयर: रीफ्रेमिंग द रिलेशनशिप' रखी गयी है। आयोजन के दौरान न्यूरो आईसीयू की गंभीर परिस्थितियों से ठीक हुए मरीजों को गुरुग्राम के कमिश्नर श्री रमेश चंद बिधान (आईएएस) द्वारा प्रतिष्ठित गोल्डन वॉरियर अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। एएनसीयू 2023 में लोगों के जुझारूपन और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के समर्पण पर फोकस किया गया। गोल्डन वारियर्स ऐसे मरीज हैं, जो सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण न्यूरोक्रिटिकल केयर से ठीक होकर बाहर निकले हैं। कभी वेंटिलेटर्स पर रहे ये वारियर्स आज सामान्य जीवन जीने में सक्षम हैं। सम्मानित वॉरियर्स में दीपक कुमार, रमा गुप्ता, शिल्पा धमेजा, वन्दना सिन्हा, दिव्यम, प्रदीप सिंह और आशु सागर उपस्थित थे। जिन्होंने अपनी बीमारी, ईलाज और सफलता पूर्वक वापस जीवन में आने की सकात्मक बातें साझा की। सभी ने आर्टेमिस अस्पताल के डॉक्टर सौरभ आनन्द और उनकी टीम का शुक्रिया अदा किया। आर्टेमिस अस्पताल के न्यूरो एनेस्थीसिया एवं न्यूरो क्रिटिकल केयर के प्रमुख डॉ. सौरभ आनंद ने कहा कि एएनसीयू 2023 एक कॉन्फ्रेंस ही नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कांफ्रेंस के पहले दिन आठ वर्कशॉक की गई हैं, जिनमें एक कैडेवरिक वर्कशॉप हुई है, यानि कि डेडबॉडीज़ का इस्तेमाल करके, इंजेक्शन कैसे लगाते है की डॉक्टर्स को जानकारी दी गई है।



# अनाज मंडी में फसल को सुखाकर लाने पर बिक्री में होगी सहूलियत

## अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने किया पलवल अनाज मंडी का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**खरीफ** फसल की आवक के दृष्टिगत अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने पलवल की अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने अनाज मंडी में जगह-जगह एकत्रित धान की ढेरियों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम शशि वसुंधरा, एसडीएम रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे फसलों के अवशेष अथवा पराली को न जलाएं अपितु उनका फसल अवशेष प्रबंधन करें।

एसीएस सुधीर राजपाल ने कहा कि धान की आवक को लेकर अनाज मंडियों में पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी, शौचालय, लाइटिंग, साफ-सफाई आदि के समूचित प्रबंध किए गए हैं। इस वर्ष जिला की मंडियों में करीब 50 हजार टन धान की फसल आने की संभावना है। इसमें पलवल की मंडी की अपेक्षा होडल की अनाज मंडी में अधिक धान की आवक होगी। होडल की अनाज मंडी में दो-दो दिन अलग-अलग



एजेंसियों को धान की खरीद करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिला की अनाज मंडियों में धान की फसल के बारदाना, उठान सहित ट्रांस्पोर्टेशन की पूरी व्यवस्था की गई है। धान की फसल की ट्रांस्पोर्टेशन में इस्तेमाल किए जाने वाले सभी ट्रकों में जीपीएस की सुविधा मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि किसान अनाज मंडी में अपनी फसल को सुखाकर लाएंगे तो उन्हें अपनी फसल की बिक्री करने में सहूलियत होगी। अनाज मंडी पलवल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने एसीएस के समक्ष सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटवाने व सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने की मांग की। एसीएस ने अनाज मंडी के दौरे के दौरान किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उनकी समस्याओ को दूर करने के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, मार्केट कमेटी के सचिव मनदीप सिंह, अनाज मंडी पलवल एसोसिएशन के प्रधान राकेश गर्ग, ऑल हरियाणा आढती एसोसिएशन के उपप्रधान गौरव तेवतिया, आढती संजय मंगला, कुलदीप भडाना, मनमोहन गोयल सहित किसान मौजूद रहे।

# अलग अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

## एक को कार मारी टक्कर, दूसरे को मोटरसाइकिल ने कुचला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नेशनल** हाईवे-19 पर मुंडकटी थाना अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने एक मृतक के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात पर केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जबकि, दूसरे शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार, होडल निवासी बबलू गौतम ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका भाई दीपक गौतम बाइक पर पलवल से होडल के लिए आ रहे




थे। बाइक को दीपक चला रहा था। जब बाइक गुलशन ढाबा के निकट पहुंचे, तभी पीछे से एक अर्टिगा कार तेज गति से आई और उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से उसका भाई सड़क पर गिर गया और वह साइड में गिरा।

दोनों को चोटें आईं, लेकिन दीपक को ज्यादा चोटें आई थीं, जिसको इलाज के लिए सरकारी अस्पताल होडल ले गए, जहां चोटें अधिक होने के कारण दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उसके भाई दीपक की मौत हो गई।

वहीं, बहीन गांव निवासी अजीत रावत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने नेशनल हाईवे-19 पर बंचारी गांव के निकट न्यू मोगा पंजाबी नाम से ढाबा खोल रखा है। रात करीब साढ़े 11 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पैदल सड़क क्रॉस कर रहा था। उसी दौरान एक अज्ञात बाइक चालक ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक चालक मौके से बाइक को लेकर फरार हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए होडल सरकारी अस्पताल भेज दिया, जहां से हालत नाजुक देख नल्हड़ अस्पताल भेज दिया। जहां उपचार के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

## केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में ली स्वच्छता की शपथ



**फरीदाबाद।** केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 फरीदाबाद के परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत समस्त शिक्षकगणों के साथ स्वच्छता ही सेवा है, कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य ममता शेखर के नेतृत्व में हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी कर्मचारी, अध्यापक गण और बच्चों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। एक घंटा प्रतिदिन स्वच्छता ही सेवा है, इसको साकार करने के लिए विद्यालय परिसर के आसपास, पार्क और सड़कों पर एकत्रित कूड़े और कचरे का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीयता की भावना को कायम रखने के लिए महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी अध्यापकों को और बच्चों को स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में लाने के लिए प्रेरित किया।

# फौजी ने झांसा देकर विवाहिता से किया दुष्कर्म

**पलवल।** एक फौजी ने विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर बातों में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। वीडियो के दम पर उसने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। चांदहट थाना पुलिस ने महिला पर हुई ज्यादती को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी मुलाकात जल्हाका गांव निवासी फौजी पवन से हुई। इसके बाद पवन उससे फोन पर बातें करने लगा और कहने लगा कि वह अपने पति को छोड़ दे, वह उससे शादी कर खुश रखेगा। वह उसकी बातों में आ गई और उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए।

महिला का आरोप है कि शारीरिक संबंध बनाते समय फौजी ने उसकी वीडियो बना ली और फोटो खींच लिए। जब उससे कहा कि हम शादी कर लेते हैं तो उसने इनकार कर दिया। महिला ने पता किया तो सामने आया कि फौजी पवन शादीशुदा था और एक बच्चे का पिता भी है। उसने आरोपी से संबंध खत्म करने के लिए कहा तो उसने धमकी दी कि तेरी अश्लील वीडियो व फोटो हैं, शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी तो उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा।

पीड़िता का कहना है कि बदनामी के डर से उसने उसके साथ एक बार फिर संबंध बना लिए। लेकिन इसके बावजूद भी आरोपी उसे बार-बार ब्लैकमेल करता रहा। आरोपी कहता है जब तक तेरी वीडियो और फोटो मेरे पास है, तब तक तुझे संबंध बनाने होंगे, नहीं तो वायरल कर दूंगा।

उसका आरोप है कि 27 सितंबर को आरोपी ने उसकी वीडियो व फोटो फेसबुक पर डाल दिए। वह फोन पर धमकी दे रहा है कि अभी भी तेरे पास वक्त है, मेरे पास नहीं आई तो जान से मार दूंगा। इससे परेशान होकर महिला ने पुलिस में इसकी शिकायत की।

## संक्षिप्त समाचार

### खाली प्लॉटों की स्थिति का संज्ञान ले एचएसवीपी



**फरीदाबाद।** एक तरफ हरियाणा के सीएम स्वच्छता मेगा अभियान का शुभारंभ फरीदाबाद शहर से सराहनीय तौर पर कर रहे हैं। किंतु पॉश सेक्टर-21ए में कई जगह पर गंदगी पसरी रहती है। समय समय पर साफ सफाई नहीं करवाई जाती है। युगल किशोर शर्मा ने बताया कि सेक्टर 21ए में हुडा एवं हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की बदौलत कई ऐसे प्लॉट हैं जो या तो रिज्यूम कर लिए गए हैं या वह कैंसिल हो गए हैं या उनका कोई व्यवहारिक तौर पर मालिक नहीं दिख रहा है। लावारिस अवस्था में होने के कारण खाली पड़े प्लाटों में आसपास के लोग कूड़ा करकट गंदगी फेंकते रहते हैं। न उनमें साफ सफाई होती है, न उनकी कोई देखभाल करता है। इससे अड़ोस पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी मनोवैज्ञानिक तौर पर गंदगी, कूड़े करकट, कीड़े मकोड़े एवं खराब वातवरण का दुष्प्रभाव झेलना पड़ता है। लोगों का कहना है कि एचएसवीपी एवं नगर निगम सेक्टर-21ए की वेलफेयर रेजिडेंट एसोसिएशन को दिशा-निर्देश जारी करके लावारिस प्लॉटों की वस्तु स्थिति का आंकलन कराएं। एचएसवीपी, हुडा एवं नगर निगम प्रशासन लावारिस प्लॉटों की साफ सफाई की कार्य योजना का खाका तैयार करके आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। इस कार्य में ईको ग्रीन कंपनी से सहयोग लिया जाए। जब लोग आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे, तब सच्चे अर्थों में महात्मा गांधी की स्वच्छता अवधारणा फ़लीभूत होगी।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर ग्राम भिडूकी में श्रमदान का आयोजन



**पलवल।** एकीकृत संचार एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हिसार द्वारा महाग्राम पंचायत भिडूकी तथा शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में भिडूकी ग्राम में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिडूकी, एसवीएन स्कूल भिडूकी, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल तथा कपूर सिंह जन चेतना मंच भिडूकी सहयोगी संस्था के रूप में सहभागी रहे। श्रमदान में भिडूकी की सरपंच शशिबाला तेतिवया मुख्य सेवादार के रूप में उपस्थिति रहीं। उन्होंने बताया कि हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। जब हम स्वच्छ रहेंगे तभी हम स्वस्थ रहेंगे। एनवीएन स्कूल की प्राचार्या कुसुम चौधरी ने कहा कि हमें साफ- सफाई की ओर ज्यादा ध्यानाकर्षण करना होगा, क्योंकि बीमारियों का मूल कारण गंदगी है। वर्तमान समय में हमें स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ना होगा। भारत स्काउट एंड गाइड्स के जिला संयोजक विष्णु गौड़ ने कहा कि समाजिक, शारीरिक तथा मानसिक स्वच्छता को धारण करने वाला स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। एसवीएन स्कूल भिडूकी के प्रबंधक वीर सिंह ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दौलतराम ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें प्रत्येक सप्ताह दो घंटे तथा साल में 100 घंटे श्रमदान का संकल्प लेना चाहिए। श्रमदान की शुरुआत हमें अपने घर तथा आस-पड़ोस से ही करनी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम भिडूकी में सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग के लिए कूड़ेदान भी वितरित किए गए।

### नर्स आत्महत्या मामले में ससुराल पक्ष पर केस

**फरीदाबाद।** छांयसा स्थित श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के हॉस्टल में नर्स के आत्महत्या मामले में पुलिस ने ससुराल पक्ष पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव मुंडाहेड़ा झज्जर निवासी प्रवीण ने बताया कि बहन जयंती की शादी 2011 में हिंदू रीति रिवाज से अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज देकर गांव गुड्डा झज्जर निवासी रविंद्र से की थी। बहन जयंती की तीन बेटियां हैं। रविंद्र बेटियों से खुश नहीं था। रविंद्र, मां सावित्री, पिता बलवंत और ननद बबीता जयंती को गाली गलौच व मारते पीटते थे। बबीता व रविंद्र ने जयंती से उसकी सैलरी पर 20 लाख रुपये का लोन भी लिया हुआ था। बहन पिछले तीन सालों से गांव छांयसा स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में बतौर जनरल नर्सिंग पद पर कार्यरत है। ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित करने पर उनकी बहन ने गर्ल हॉस्टल में फंदा लगा ली।

# एसएसबी अस्पताल ने लगाया निशुल्क जांच शिविर

**फरीदाबाद।** चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी अस्पताल द्वारा विश्व हृदय दिवस पर रविवार को अस्पताल में एक निशुल्क हृदय



जांच शिविर का आयोजन किया किया। इस शिविर में करीब 500 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जांच करवाने आने वाले लोगों को निशुल्क बीपी, शुगर जांच के साथ-साथ ईसीजी व ईको भी निशुल्क की गई। वहीं शिविर में लोगों को उचित परामर्श भी दिया गया। इस शिविर में डॉ. एसएस बंसल, डॉ. एसएस सिद्धू, डॉ. सिद्धांत बंसल, डॉ. बिनय कुमार पांडेय, डॉ. चेतन स्वरूप, डॉ. रिद्धिका मुंजाल आदि अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। गौरतलब है कि एसएसबी अस्पताल समय-समय पर इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों की सेवा में समर्पित रहता है और लोग इन शिविरों के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहते हैं।

# पति से अलग रह रही महिला से तीन ने किया दुष्कर्म

## पति से समझौता कराने का झांसा देकर ले गए थे, पुलिस ने एक को दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पति** से विवाद के चलते अलग रह रही महिला से तीन युवकों ने दुष्कर्म किया। वे उसे पति से समझौता कराने के नाम पर कार में बैठाकर ले गए थे। आरोप है कि उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और बेहोशी की हालत में उसके साथ तीनों ने दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर कार बरामद कर ली है। दो अन्य की तलाश है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी रेनू शेखावत के अनुसार, एक महिला ने शिकायत दी कि उसकी शादी 2019 में होडल के एक युवक से हुई थी। शादी के बाद उसे एक बेटा हुआ, लेकिन पति दहेज की मांग के चलते उसके साथ मारपीट करने लगा। पति के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराने के बाद वह अपने पति से अलग रहने लगी। इसी दौरान उसकी मुलाकात अनिल नामक व्यक्ति से हुई। अनिल ने उससे कहा कि वह उसके पति से समझौता करा देगा।

अनिल ने ढांसा दिया कि वह उसका घर बसवा देगा। इसके लिए उसे तांत्रिक के पास चलना होगा। वह झांसे में आ गई और अनिल के साथ कार में बैठ गई। उस समय कार में एक अन्य व्यक्ति भी बैठा हुआ था। रास्ते में अनिल ने उसे पीने के लिए पेय पदार्थ दिया। उसे पीने से उसे नशा हो गया।

महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे ककराली स्थित एक मकान में ले गया। वहां तीसरा व्यक्ति भी मौजूद था। तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। इसके संबंध में शहर थाना में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। साइबर क्राइम थाना प्रभारी रेनू शेखावत की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे उस कार को भी बरामद कर लिया। जबकि इस मामले में अन्य के शामिल होने की जांच की जा रही है। आरोपी अनिल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नीट व आईआईटी की कोचिंग के लिए चयन परीक्षा आठ को

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने मिशन मानव सुपर 21 नीट व आईआईटी कोचिंग के अगले बैच के लिए 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल के छात्रों से आवेदन मांगे हैं। कोचिंग में चयन के लिए चयन परीक्षा रविवार आठ अक्टूबर को समिति के कार्यालय मानव भवन सेक्टर-10 में दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। जो विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड व 10वीं की मार्कशीट की फोटोकॉपी छह अक्टूबर तक मानव भवन में शाम छह से सात बजे तक जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराएं। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मिशन संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि चयन परीक्षा में शुरू के 11 टॉपर छात्रों का चयन करके 15 अक्टूबर से उनकी कोचिंग शुरू की जाएगी।

# माता अमृतानंदमयी के जन्मदिन पर एक्टिविटी वीक का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अमृता** विश्व विद्यापीठम की ओर से श्री माता अमृतानंदमयी देवी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में एक्टिविटी वीक का आयोजन किया गया। जिसमें पांच दिन तक अलग-अलग कई तरह की गतिविधियां की गईं।

इस एक्टिविटी वीक में अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन और अमृता स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पूरी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल कर्नल बीके मिश्रा, एनाटॉमी की प्रोफेसर डॉ. मीतू सिंह, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. लेखा विश्वनाथन और उन्नीकृष्णन समेत अन्य लोगों ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहित किया।

एक्टिविटी वीक के पहले दिन छात्रों ने अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के आस-पास के क्षेत्र में अम्मा के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 70 पौधों का रोपण किया। साथ ही छात्रों को ऑर्गेनिक फार्मिंग और इसके महत्व के बारे में बताया गया। इस वीक के दूसरे दिन रक्तदान कैंप लगाया। जिसमें छात्रों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया और इसके फायदे और कितनी लोगों को बचाया जा सकता है, इस बारे में विस्तार से बताया गया। तीसरे दिन




अमृता पाठशाला में हेल्थ स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। साथ ही छात्रों ने दांतों की सफाई और सामान्य स्वास्थ प्रबंधन पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रों द्वारा जीवन में अपने शरीर की उचित स्वच्छता रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया। अमृता पाठशाला के बच्चों को छात्रों द्वारा पढ़ाई के महत्व पर भी स्पीच दी गई और अंत में उन्हें डेंटल किट, शैक्षणिक पोस्टर्स और खाने का वितरण किया गया।

चौथे दिन छात्रों को अनाथाश्रम ले जाया गया, जहां उन्होंने वहां के बच्चों को नाटकीय प्रस्तुति से पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही सेवा के महत्व और मासिक धर्म स्वच्छता पर भी स्पीच दी गई। एक्टिविटी वीक के पांचवे और आखिरी दिन छात्रों ने अम्मा के जन्मदिन के मौके पर अपने हाथों से सांत्वना (सोलेस) कार्ड बनाए, जिनमें जीवन जीने के आधार पर अम्मा द्वारा दिए गए उद्धरण लिखे। इन कार्ड्स को छात्रों द्वारा ओपीडी और आईपीडी के मरीजों को दिए और साथ ही उनसे बात-चीत भी की। इसकी शुरुआत केरला स्थित अम्मा के आश्रम से की गई। इसका उद्देश्य छात्रों को जीवन के विभिन्न आयामों के बारे में बताना तथा उनके अंदर सेवा भावना, प्रकृति के प्रति प्रेम और अन्य चीजों के बारे में जागरुक करना था।

# अल्लीका में बस सेवा बंद होने से पीएचसी पहुंचने में होती है परेशानी

## ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहर में इलाज करवाने को मजबूर

पदम सिंह घुघेरा। पलवल

**पलवल**-यादूपुर रोडवेज बस सेवा के बंद होने से इलाज के लिए अल्लीका पीएचसी जाने वाले मरिजों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बस नहीं चलने से ग्रामीणों को शहरी क्षेत्र में इलाज के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

आसपास के गांव घुघेरा, ककराली, मेघपुर, यादूपुर, पातली, लालवा, कारना, आमरू, फिरोजपुर व अगवानपुर आदि गांवों के ग्रामीण जोगेंद्र सिंह, नरेंद्र, मनोज कुमार, दलीपसिंह, मूर्ती देवी, गिरधारीलाल, भगतसिंह, दिनेश कुमार, कांता शर्मा, जितेंद्र शर्मा आदि का कहना है कि ग्रामीणों को बेहतर व समय पर इलाज की सुविधा देने के लिए अल्लीका गांव में पीएचसी का निर्माण किया गया था। अल्लीका गांव की पीएचसी में आसपास के दर्जनभर गांवों के लोग इलाज के लिए आते-जाते हैं।

उन्होंने बताया कि पीएचसी के होने की वजह से यहा पर लोगों का इलाज फ्री में होता है। वहीं बीमारी की जांच करने के बाद दवाई भी रोगी को फ्री में ही दी जाती है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले तक पलवल से यादूपुर के लिए रोडवेज की बस चलती थी। जिससे लोग अल्लीका व यादूपुर आसानी से आ जा सकते थे। परंतु कुछ साल पहले इस बस सेवा को एकाएक बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि पीएचसी के लिए अब आने-जाने के लिए कोई यातायात का प्रबंध नहीं होने की वजह से ग्रामीण शहर के निजी व सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए जाना पंसद करते है।

अल्लीका की दूरी पांच से दस किलोमीटर पड़ती है। इसकी वजह से ग्रामीणों को निजी अस्पतालों में इलाज करवाने में 400 से 500 रुपये का भार बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार को तुरंत पलवल-यादूपुर के लिए रोडवेज बस सेवा को बहाल करना चाहिए। जिससे ग्रामीणों को इलाज करवाने में सुविधा रहे। उन्होंने रोडवेज विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द बस चलाई जाए, जिससे आम लोगों के साथ मरीजों को भी सुविधा होगी।

# विद्यार्थियों के लिए लगाया गया दंत चिकित्सा शिविर



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र द्वारा सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन एवं डिप्टी सिविल सर्जन व नोडल अधिकारी डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में जिला नागरिक अस्पताल पलवल के दंत विभाग में वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्कूल के विद्यार्थियों के लिए मुख व दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया।

शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में कार्यरत डॉक्टर, फार्मासिस्ट व एएनएम द्वारा आंगनबाड़ी व सरकारी स्कूलों में जांच व स्क्रीन किए गए 41 बच्चों के मुंह व दांतों से संबंधित रोगों की जांच व चिकित्सा की गई। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. नटवर सिंह, डॉ. रूचि, डॉ. आशिमा कालडा, डॉ. अंजू व डॉ. ज्योति द्वारा बच्चों के मुंह, मंसूडों व दांतों की जांच व चिकित्सा की गई। शिविर में निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई। शिविर में दांतों में कैविटी होना, दांतों में कीड़ा लगना, टेढ़े-मेढ़े दांत, दांतों का पीलापन, मसूड़ों में सूजन व मसूड़ों से खून आना आदि रोगों की जांच व चिकित्सा की गई। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने स्कूल के बच्चों को मुंह के कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को बीड़ी, सिगरेट व शराब न पीने तथा तंबाकू, गुटखा न खाने तथा दिन में दो बार खाना खाने के बाद सुबह व रात को बश करने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों को ब्रश करने की विधि के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. नरेंद्र कुमार ने बच्चों को चॉकलेट, फास्ट फूड व जंक फूड न खाने तथा घर में बना हुआ संतुलित भोजन ग्रहण करने की सलाह दी। डीईआईसी मैनेजर डॉ. साक्षी शर्मा द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं, जन्मजात रोग, डेफिशियेंसी, डिजीज व डेवलपमेंट डिले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दंत विभाग में प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को डेंटल कैंप का लगाया जाता है। इसलिए दातों से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए दंत चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में 41 बच्चों के रजिस्ट्रेशन भी किए गए। स्वच्छता पखवाड़े के तहत शिविर के दौरान डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर रामेश्वरी के नेतृत्व में स्कूलों से रेफर किए गए बच्चों, डॉ. आशिमा कालड़ा, डॉ. ज्योति, हेडमास्टर हरिदत्त व पवन शर्मा आदि द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर दंत शिविर में डेंटल सर्जन नटवर सिंह, डॉ. रूचि, डॉ. ज्योति व डॉ अंजू तथा डॉ. आशिमा कालडा, फार्मासिस्ट पवन शर्मा, विमलेश व राजकीय प्राथमिक स्कूल पलवल के हेडमास्टर हरिदत्त आदि ने सहयोग किया।

